बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), पटना – 800015.

फोन नं0 :– 0612–2217352
फैक्स नं0 :– 0612–2215611
ई–मेल :–ceo_bihar@eci.gov.in

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 30.04.2025

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनजर एफएलसी कार्यशाला का आयोजन

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन–**2025** के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आज पटना स्थित होटल लैमन ट्री प्रीमियर में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (**EVM**) तथा वीवीपैट (**VVPAT**) की प्रथम स्तरीय जांच (**First Level Chicking-FLC**) हेतु राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता भारत निर्वाचन आयोग के वरीय उप निर्वाचन आयुक्त श्री मनीष गर्ग ने की। इस अवसर पर श्री विनोद सिंह गुंजियाल, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिहार, श्री अरविंद आनंद प्रधान सचिव भारत निर्वाचन आयोग, श्री मधुसूदन गुप्ता सचिव भारत निर्वाचन आयोग, तथा श्री प्रकाश मंडल वरीय उप महाप्रबंधक **ECIL** भी उपस्थित रहे।

इस कार्यशाला का उद्देश्य जिलों में निर्वाचन प्रक्रिया के सुचारू एवं पारदर्शी संचालन हेतु **EVM** एवं **VVPAT** की तकनीकी और प्रशासनिक प्रक्रियाओं की जानकारी प्रदान करना था। इस क्रम में तकनीकी सुरक्षा, एफएलसी प्रक्रिया, पीएफएलसीयू (प्री फर्स्ट लेवल चेंकिग यूनिट) एवं एसएलयू (सिंबल लोडिंग यूनिट) का प्रदर्शन, हैंड्स–ऑन प्रशिक्षण तथा शंका समाधान सत्र आयोजित किए गए। इस कार्यशाला में राज्य के सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–जिला पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी तथा एफएलसी सुपरवाइजर उपस्थित रहे। उपस्थित अधिकारियों को **ECIL** और भारत निर्वाचन आयोग के विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए वरीय उप निर्वाचन आयुक्त श्री मनीष गर्ग ने कहा कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी नियमित रूप से राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करें। उन्होंने आयोग के निर्देशानुसार ईवीएम प्रोटोकॉल के आलोक में प्रथम स्तरीय जांच तथा इलेक्शन प्लानर के अनुसार कार्य करने का निर्देश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री विनोद सिंह गुंजियाल ने कहा कि एफएलसी अर्थात **First Level Chicking**, निर्वाचन प्रबंधन की एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। यह कार्यशाला ईवीएम प्रोटोकॉल की स्पष्टता, दिशा–निर्देशों की समझ तथा **EVM** प्रबंधन हेतु स्वयं को तैयार करने के लिए अत्यंत उपयोगी है।

कार्यशाला के उपरांत वरीय उप निर्वाचन आयुक्त श्री मनीष गर्ग ने निर्वाचन तैयारियों के संदर्भ में विभिन्न निर्वाचन कार्यों की समीक्षा भी की। इस अवसर पर बिहार निर्वाचन विभाग के अपर सचिव श्री माधव कुमार सिंह, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री मिथिलेश कुमार साहू, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अशोक प्रियदर्शी एवं श्री मनोज कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी–सह–**EVM** नोडल पदाधिकारी श्री धीरज कुमार एवं श्रीमती निवेदिता सिन्हा, राज्य मीडिया नोडल पदाधिकारी श्री कपिल शर्मा, अवर निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती शिखा सिन्हा एवं श्री प्रियदर्शी पाल भी उपस्थित थे।